wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-27 सागवाड़ा, मंगलवार,21 सितम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## योगेंद्रगिरी अतिशय क्षेत्र में तोड़-फोड़, 23 साल पुराने 13 छोटे मंदिरों के स्तम्भ,गुम्बद को तोड़ा

### पुजारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो वारदात का पता चला, अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज

**सागवाड़ा।** आसपुर मार्ग पर एक पहाड़ी पर स्थित योगेंद्रगिरी अतिशय क्षेत्रमें तोड़फोड कर नुकसान पहुंचाया गया। सागवाडा में 23 साल पुराने जैन समाज के योगेंद्रगिरी अतिशय क्षेत्र में सोमवार रात बदमाशों ने 24 तीर्थंकरों में से 13 तीर्थंकर भगवान की डेयरियों में जमकर तोड़फोड़ की। जैन समाज ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सागवाडा थाने में केस दर्ज करवाया है, जिस पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। योगेंद्रगिरी अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने बताया कि यह तीर्थ 800 साल पुराना है, लेकिन



23 साल पहके 1998 में बालाचार्य योगेंद्रगिरी महाराज की ओर से विकसित किया गया। सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने अतिशय क्षेत्र में घुसकर तोड़फोड़ की है। समाज के महेश सेठ ने बताया कि मंगलवार सुबह अतिशय क्षेत्र के पुजारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर की डेयरियां टूटी देखकर समाज को सूचना दी। महेश सेठ ने बताया कि अतिशय क्षेत्र में 24 तीर्थंकर भगवान के छोटे मंदिर और मूर्तियां है, जिसमें से 13 छोटे मंदिरों को बदमाशों ने तोड़ दिया है। बदमाशों ने मार्बल से बने इन मंदिरों के स्तम्भ, गुम्बद को तोड़ दिया है।घटना का पता लगने के बाद जैन समाज के लोग एकत्रित हो गए और जमकर आक्रोश जताया।

घटना की सूचना पर सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार सोलंकी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। जहां समाज के लोगों ने बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग रखी। जैन समाज ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किये जा रहे है।



## परिजनों ने दुष्कर्म कर हत्या का अंदेशा जताया

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना पुलिस ने पालबड़ा गांव के खेत में कल एक युवती का लहूलुहान हालात शव मिलने के मामले में आज जिला अस्पताल की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टमकरवाया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द किया। सदर थाना अधिकारी हजारीलाल ने बताया कि कल पालवाड़ा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती सुबह 5 बजे शौच जाने के लिए घर से निकली थी ओर वापस नही लौटी थी । दोपहर बाद युवती का शव घर से थोड़ी दूर एक मक्का के खेत में पड़ा मिला था । मृतका के सिर पर चोट के निशान थे। वही परिजनों ने दुष्कर्म कर हत्या का अंदेशा जताया था और पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। इधर आज पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद दुष्कर्म होने का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजयुमो की ओर से 23 को होगा रक्तदान शिविर

**डूंगरपुर।** भारतीय युवा मोर्चा डूंगरपुर और ब्लड बैंक के साझ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिनांक जन्मदिन के उपलक्ष में 23 सितंबर प. दीनदयाल उपाध्याय भाजपा कार्यालय भवन में सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ वंदना सिंघल आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ने बताया की उक्त शिविर में कार्य संपादित हेतु डॉ. मानवेन्द्र सिंह चिकित्सा अधिकारी के सानिध्य में , जनसम्पर्क अधिकारी पद्मेश गांधी शिविर निर्देशन/शिविर संचालन एवं प्रभारी ब्लड बैंक राजेन्द्र सेवक मय ब्लड बैंक टीम द्वारा कार्य सम्पादित किया जायेगा।पद्मेश गांधी क्क्रह रक्तसंग्रहं वाहन ने बताया की उक्त शिविर में प्रत्येक रक्तदाताओं को ब्लड बैंक की ओर से सम्मान पत्र भेंट किये जायेंगे एवं शिविर में कोविड19 के नियमो की पालना के लिए निर्देशित किया गया है।

## आरएसी जवान की हत्या के मामले में बिछीवाड़ा पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।**

जिले के शिशोद गांव में छुट्टी पर घर आये आरएसी जवान की हत्या के मामले में बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।बिछीवाड़ा थाना अधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि शिशोद गांव निवासी आरएसी जवान रमेश लिम्बात के पुत्र सचिन की बिजुड़ा गांव निवासी अंकित अहारी सहित कुछ अन्य युवकों से रंजिश थी। उसी रंजिश के चलते 17 सितंबर की रात को अंकित अहारी सहित एक दर्जन से अधिक हथियारबंद लोगो ने सचिन के घर पर हमला बोल दिया था। इस दौरान सचिन व परिवार के अन्य लोगो ने घर मे बंद होकर तथा खेतो में छिपकर अपनी जान बचाई वही छुट्टी पर आए सचिन के पिता आरएसी जवान रमेश लिम्बात के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर ममले में पुलिस ने आज हत्या के आरोप में 9 युवकों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## हाइवे पर ट्रक पलटा चालक की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच 48 पर खजूरी घाटा गांव के पास बीती रात एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक की ट्रक के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार उदयपुर जिले का निवासी ट्रक चालक किशन सिंह सोलंकी कल उदयपुर से प्लास्टिक दाने ट्रक में भरकर महाराष्ट्र के वापी जाने निकला था , इस दौरान देर रात खजूरी घाटा के पास मोड पर ट्रक बेकाबू होकर पलट गया वही ट्रक के नीचे दबने से किशन सिंह की मौत हो गई। हादसे में ट्रक का खलासी घायल हुआ है जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। इधर परिजनों के आने के बाद बिछीवाड़ा पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गुमानुपुरा गांव में एक ऑटो ड्राइवर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के गुमानुपुरा गांव में एक ऑटो ड्राइवर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।सदर थाना पुलिस के अनुसार गुमानपुरा निवासी कानजी कोटेड उम्र 48 वर्ष ऑटो चलाने का काम करता है। सोमवार रात को परिवार के साथ खाना खाने के बाद कानजी ऑटो में जाकर सो गया। सुबह पत्नी उठी तो देखा कि कानजी ऑटो में नहीं था, जिस पर उसकी आसपास तलाश शुरू कर दी। इस दौरान कानजी का शव घर से कुछ दूर खेतो के बीच एक पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई और गांव के लोग एकत्रित हो गए।

घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुची ओर घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों की मदद से शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाई, जहां परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

## मौताणे की मांग को लेकर एक परिवार को परेशान कर रहे मृतक के परिजन

**डूंगरपुर।** जिले के छापी गांव में। जून को करंट लगने से एक युवक की मौत के मामले में मृतक के परिजन मौताणे की मांग को लेकर एक परिवार को परेशान कर रहे है । मंगलवार को पीड़ित परिवार कलेक्ट्रेट पहुचा ओर कलेक्टर तथा एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि गत। जून को छापी गांव निवासी युवक राजकुमार की करंट लगने से मौत हो गई थी जिसका प्रकरण बिछीवाड़ा थाने में दर्ज है। घटना के वक्त गांव का ही एक अन्य युवक राजू मनात मृतक राजकुमार के साथ था। इस कारण से मृतक राजकुमार के परिवार वाले राजू मनात के परिवार से मौताणे की मांग कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि 3 सितंबर को भी करीब 50 से ज्यादा लोग मिलकर उनके घर पर आए और मौताणा नहीं देने पर जान से मारने तथा घर को जला देने की धमकियां दी।

## गोल गांव के पास सोम नदी में एक महिला का शव तैरता हुआ दिखाई दिया

**डूंगरपुर।**

जिले के आसपुर थाना क्षेत्र में गोल गांव के पास सोम नदी में मंगलवार सुबह एक महिला का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद पुरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह कुछ लोगों गोल गांव सोम नदी पूल से गुजर रहे थे। उस समय लोगो ने पुलिया के नीचे नदी में किसी का शव तैरता हुआ देखा। लोगों ने पुल से नीचे देखा तो महिला का शव औंधे मुंह तैर रहा था।

घटना की सूचना आसपुर थाना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान टोंकवासा निवासी कंकु यादव के रूप में की गई। घटना को लेकर बड़ी संख्या मव लोग एकत्रित हो गए।

शव को आसपुर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। वही तो घटना की सूचना पर मृतका के परिजन भी पंहुच गए। परिजनों ने बताया जाता है कि महिला के पति की मौत के बाद से महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य मार्गों पर पालिका लगाएगी 2 हजार से अधिक पौधे

### 10 फीट के पौधें ट्री गार्ड के साथ लगाए जाएंगे

**सागवाड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और सागवाड़ा शहर को हराभरा रखने के उद्देश्य से शहर से गुजर रहें प्रमुख सड़क पर 2 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। सागवाड़ा पालिकध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि इसके लिए 10 फीट के पौधे मंगवाए है। शहर के प्रमुख मार्गों पर गड्ढे खोदने का काम अंतिम चरण में है। पालिकध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर से गुजर रहे गलियकोट मार्ग, आसपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और लीमड़ी मार्ग पर यह पौधे



लगाए जाएंगे। पौधे लगाने से पूर्व शहर की इन प्रमुख सड़को को चौड़ा किया जा लहा है। अतिक्रमण तोड़े जा रहे और सड़क का लेवल मिलया जा रहा है। गलियकोट मार्ग, डूंगरपुर और बांसवाड़ा मार्ग पर सड़क से अतिक्रमण हटाकर चोड़ा किया जा रहे है। इसके बाद नियमानुसार सड़क से एक निश्चित दूरी पर पौधे लगाए जाएंगे। खोडनिया ने बताया कि शहर में इन सड़कों पर नीम, पीपल

बकायन जो नीम की प्रजाति है औरआयुर्वेदिक पेड़ है। फूलों वाले पौधों में गुलमोहर, हरसिंगार, जकिरंदा, चेरी और जरूल के पौधें लगाए जाएंगे। नगरपालिका पौधरोपण में वन विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग का सहयोग भी लेगी।

## पिकअप से अंग्रेजी शराब जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया

**सीमलवाडा।** धंबोला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी कर एक पिकअप से अंग्रेजी शराब जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हेड कांस्टेबल अशोक कुमार पाटीदार, जीतमल एवं भावेश ने लिखी बड़ी बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की जहां पर सीमलवाड़ा की तरफ से एक पिक अप आने पर रुकवा कर तलाशी ली जिसमें पिकअप की डोली पर तिरपाल ढका हुआ पाया।

## बिलपन गांव में एक युवक ने अपनी ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।**

जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बिलपन गांव में एक युवक ने अपनी ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार बिलपन गांव निवासी 21 वर्षीय दीता डामोर बीती रात घर वालो के साथ खाना खाकर सोया था। सुबह जब परिजन उठे तो देखा की घर में दीता का शव फंदे से लटका हुआ था। जिस पर परिजनों ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला में गौ ग्रास करवाया

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा उपखंड अंतर्गत श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला माणकपुरा आरा रोड सागवाड़ा में रुपेश सुथार ने अपनी पुत्री जीनी के जन्म दिवस पर और सुखलाल भाटिया निवासी चितरी ने अपनी पत्नी की द्वितीय पुण्यतिथि पर और नीलेश जोशी निवासी टामटिया ने अपने पिता स्वर्गीय देवीलाल जोशी की प्रथम पुण्यतिथि पर गौ ग्रास करवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस से पुर्व पंडित मनोज ठाकुर ने मंत्रोच्चार के साथ गोपुजन कराया । इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजीव द्विवेदी तहसीलदार डॉक्टर मयूर शर्मा सागवाड़ा गिरदावर मुकेश भोई गौशाला अध्यक्ष ललित पंचाल



पशु चिकित्सक डॉक्टर जगदीश बामणिया आदि उपस्थित थे इस अवसर पर पशु चिकित्सक डॉक्टर जगदीश बामणिया ने बीमार गौमाता और बछड़ों का निरीक्षण कर उचित उपचार कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। आपको बता दें कि इस वक्त श्राद्ध पक्ष चल रहा है और इस श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए इस तरह के दान पुण्य उत्तम माने जाते है । इस अवसर पर प्रकाश भोई, मोहन मेहता, रामलाल हलवाई, कन्हैयालाल भाटिया, खेमराज भाटिया, निरज शर्मा, जगदीश प्रजापत, मोहन पंचाल, रविन्द्र सुथार, कल्पेश सुथार आदि उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए एक डंपर पकड़ा

**धंबोला।** पुलिस ने अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए एक डंपर को जप्त कर खनिज विभाग को सूचित किया। जिस पर खनिज विभाग में कार्रवाई करते हुए डंपर मालिक से 207290 रुपए का जुर्माना वसूला है । धंबोला सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र कटारा, कांस्टेबल जीतमल, वासुदेव, हरिश चंद्र पाटीदार ने मांडली - सीमलवाड़ा मार्ग पर रेत से भरे ट्रक को रुकवा कर परिवहन संबंधी कागजात नहीं मिलने पर डंपर को जप्त कर धंबोला परिसर में खड़ा किया। वही खनिज विभाग को सूचना दी गई। विभाग से अधिकारी मीनाक्षी व्यास ने कार्रवाई करते हुए डंपर मालिक से 207290 रुपए का जुर्माना लगाया है।

## 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को मृत्युपर्यन्त सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को मृत्युपर्यन्त सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही 2 लाख 10 हजार रुपये के जुर्माना से भी दंडित किया है। मामले से सबसे बड़ी बात यह है कि नाबालिग पीड़िता, पिता और गवाह कोर्ट में घटना से मुकर गए, लेकिन कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर मामले में सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया कि नाबालिग के पिता ने दोवड़ा थाने में 18 फरवरी 2020 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमे बताया था कि 18 फरवरी 2020 को उसकी 6 साल की बेटी पड़ोस में गोंद लेने गई थी। इस दौरान पडोसी युवक भार्गव उर्फ़ चिंटू ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए साक्ष्य जुटाए और आरोपी भार्गव को गिरफ्तार किया था। वहीं पीड़िता के बयान भी दर्ज किए थे । कोर्ट में बयानों के दौरान नाबालिग पीड़िता, उसके पिता और गवाह मामले में घटना से मुकर गए। उनके साथ किसी भी तरह की घटना नहीं होने की बात कही। जिस पर कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता, पिता और गवाह को पक्षद्रोही माना।

## गुमानपुरा में खेतों में एक अजगर ने किया बकरी का शिकार

**डूंगरपुर।** जिले के गुमानपुरा नदी फला गाँव में खेतों में एक अजगर ने आज बकरी का शिकार कर लिया।

इधर अजगर बकरी को निगलता उससे पहले ग्रामीणों ने अजगर को बकरी से दूर किया वही स्नेक केचर ने ललित श्रीमाल ने अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर मुक्त किया । मामले के अनुसार विरसा कोटेड निवासी गुमानपुरा नदी फला अपनी बकरियां चराने खेतों की ओर गया था।

## खस्ताहाल नेशनल हाईवे को लेकर प्रर्दशन

### युवा कांग्रेस ने खड्डों में बैठकर धरना प्रदर्शन किया

**सागवाड़ा।**

निवर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के आह्वा पर खस्ताहाल नेशनल हाईवे 927 डूंगरपुर बांसवाड़ा को लेकर युथ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया मंगलवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सागवाडा से गुज़र रहे हाईवे के गड्डों के पास बैठकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी कर जम कर प्रदर्शन किया । ओर प्रधानमंत्री और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री का पुतला जलाया । कार्यकर्ताओ ने बताया कि मुख्य सड़क मार्ग पर एक- एक ,दो- दो फीट के गड्ढे पड़ गये है ।विभाग किसी भी प्रकार की पेचवर्क का कार्य नही कर




रहा है। जिससे दोनों जिलों के आमजन को आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है । इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अतुल सारगिया, हरीश अहारी जिला परिषद सदस्य युवा नेता आदिश खोड़निया, अरविंद डामोर, जेठाना सरपंच कमलेश डामोर, उप सरपंच धीरज मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष एन एस यू आइ, प्रकाश मीणा, विधानसभा अध्यक्ष कैलाश रोत, उप प्रधान नरेश पाटीदार, दक्षिण मंडल ब्लॉक अध्यक्ष जतिन व्यास, पूर्व पंचायत समिति सदस्य वासुदेव यादव, सुनील डिंडोर, गोविंद नाथ, दिनेश पाटीदार, रामेंग पाटीदार,गौरव पंड्या, सोमेश्वर आहारी, विजय दर्जी सुरेश भट्ट, अनिल व्यास, प्रकाश भट्ट, अनिल आहारी राकेश डिंडोर महेश पाटीदार विक्रम अहारी,धना रोत, लोकेश रोत, होनहार पाठक, बंसीलाल खाट सहित यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।